## खास-खबरें

### अग्रवाल समाज की महिलाओं ने धूमधाम से मनाया गणगौर



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, नागदाः** नागदा शहर में गणगौर उत्सव के अवसर पर अग्रवाल समाज की महिलाओं बुधवार को बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ पारंपरिक आयोजन किया। समाज के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। शोभायात्रा का शुभारंभ नीलकंठ महादेव मंदिर से हुआ, जो प्रमुख मार्गों से होते हुए अग्रवाल समाज धर्मशाला पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर सिर पर कलश धारण किए और गणगौर के लोकगीतों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली। जगह-जगह 'झाले' देकर उत्सव का उल्लास प्रकट किया गया। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज की सभी आयु वर्ग की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे पूरे आयोजन में भक्ति और सांस्कृतिक रंगत नजर आई।

### गंजबासौदा में पक्षी चेतना अभियान और मंदिर कथा स्थगित

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** पंचतत्व संरक्षण समिति के वार्षिक कार्यक्रम 'पक्षी चेतना अभियान' के तहत इस वर्ष भी पक्षियों के लिए निःशुल्क जलपात्र और निवास की व्यवस्था तथा गौमाता के लिए पानी की हौदियों का आयोजन किया गया। समिति हर वर्ष भारतीय नव संवत्सर (गुड़ी पड़वा) के अवसर पर इस कार्यक्रम को मनाती है और नागरिकों से एक मुट्ठी दाना और एक कुंडा पानी की व्यवस्था करने का आग्रह करती है। इस वर्ष कार्यक्रम की शुरुआत श्री नौलखी धाम के श्री महंत राममनोहर दास जी के द्वारा नौलखी वेत्रवाघाट पर की गई। वहीं समीपस्थ ग्राम हथोड़ा के श्री बालाजी हनुमान मंदिर परिसर में निर्माणाधीन 12 ज्योतिर्लिंग मंदिर में आयोजित होने वाली शिव महापुराण कथा को मंदिर निर्माण अधूरा रहने के कारण स्थगित कर दिया गया है। यह कथा 8 से 14 मई तक प्रस्तावित थी और अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा वाचन किया जाना था। मंदिर के पीठाधीश्वर पंडित राजा महाराज ने बताया कि निर्माण कार्य में कारीगरों की पारिवारिक समस्याओं के कारण व्यवधान आया, जिससे निर्धारित समय तक निर्माण पूर्ण नहीं हो सका। प्राण प्रतिष्ठा के आचार्य पंडित केशव शास्त्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और आयोजन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए कथा को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

### रमजान का आखिरी अशरा और चांद रात की तैयारी




**नईदुनिया, प्रतिनिधि, चंदेरीः** रमजान के 21वें रोज़े से लेकर चांद रात तक के समय को इस्लामी मान्यताओं में आखिरी अशरा कहा जाता है। इसे जहन्नुम से निजात का अशरा भी माना जाता है, जिसमें मुस्लिम समाज अपने गुनाहों की माफी के लिए इबादत करता है। पहले अशरा में मगफिरत और दूसरे में मकसद का पालन किया जाता है। अशोकनगर जिले में रमजान का महीना पूरे जोश-खुशी और श्रद्धा के साथ मनाया गया। मुसलमानों ने रोज़े रखकर अल्लाह की इबादत की और मस्जिदों में तरावीह की नमाज़ अदा की। पेश इमाम हाफिज साहब ने कुरान शरीफ का पाठ कर तरावीह मुकम्मल करवाई। इस बार शबे कद्र की रात भी विशेष रूप से मनाई गई।

### जिला अस्पताल के आउटसोर्स कर्मचारी हड़ताल पर तीन महीने से वेतन और पीएफ न मिलने का आरोप



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** जिला अस्पताल के आउटसोर्स कर्मचारी आज बुधवार से हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें पिछले तीन महीने से वेतन नहीं मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। इसके साथ ही, उनके भविष्य निधि (पीएफ) का नियमित रूप से भुगतान भी नहीं किया जा रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने कई बार अस्पताल प्रबंधन को वेतन समय पर देने के लिए ज्ञापन सौंपे थे, लेकिन उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है। अपनी मांगों को लेकर कर्मचारियों ने आज जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर के सामने धरना दिया।

### मारवाड़ी महिला मंडल ने मनाया गणगौर पर्व



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** आस्था, प्रेम और पारिवारिक सौहार्द का प्रतीक गणगौर महापर्व मारवाड़ी महिला मंडल द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज की अध्यक्ष मंजू अग्रवाल के निवास पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाज की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत माता गौरा और ईसर जी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर माता को झाले दिए और लोकगीतों के माध्यम से सुख-समृद्धि की कामना की।

**रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित :** मिलन समारोह को और भी यादगार बनाने के लिए कई रोचक गेम्स और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महिलाओं के लिए आयोजित इन गतिविधियों में सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्याओं ने सामूहिक स्नेह भोज का आनंद लिया।

# उज्जैन शहर में उल्टी-दस्त, पेटदर्द और वायरल के मरीज बढ़े



**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** शहर में लूज मोशन,उल्टी,पेटदर्द और वायरल बुखार के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसी खांसी हो रही है जिसमें केवल गले में दर्द ओर खीचाव रहता है। सूखी खांसी आती है और सीना भारी रहता है। दस से 15 दिन लग रहे हैं मरीजो को ठीक होने में। चरक अस्पताल,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के अलावा निजी दवाखानों पर भी पीड़ित लोगों की भीड़ बनी हुई है।

एमडी मेडिसीन डॉ.जयवर्धन वर्मा के अनुसार मार्च से जुलाई तक तापमान में बढ़ोत्तरी होती है। वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग,देशों के बीच चल रहे युद्ध के कारण बारूदी जहरीले पर्यावरण के कारण जलवायु में तेजी से परिवर्तन हो रहा है। इससे तापमान में हो रही वृद्धि के कारण हमारे स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव दिखाई दे रहा है। अधिक तापमान के कारण होने वाले स्वास्थ्य पर दूष्प्रभावों की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण के लिए समयानुसार उपाय आवश्यक है,ताकि बचाव हो सके।

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.राजीव संघवी के अनुसार तापमान में अचानक से परिवर्तन आया है। तेज गर्मी के कारण शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पास पहुँच रहा है। यह स्थिति एकाएक आ सकती है। समस्या जटिल होने पर किडनी काम करना बन्द कर सकती है। लू लगने पर अगर तुरंत उपचार न मिले तो मृत्यु भी हो सकती है। इसलिये पर्याप्त मात्रा में पानी अवश्य पिए। छोटे बच्चों को कपड़े से ढंककर छाया वाले स्थान पर रखें। गर्मियों में पसीना अधिक आने के कारण शरीर की त्वचा पर भी असर होता है। पसीना शरीर पर आता रहता है और जमता रहता है,जिसके कारण त्वचा पर कई बार खुजली होने लगती है और गर्मी से एलर्जी हो जाती है। चमड़ी लाल हो जाती है। कई बार ज्यादा खुजली करने के कारण बहुत लाल हो जाती है। शरीर की त्वचा पर घुमन सी होती है। अंचलों में इसे कांटेदार गर्मी भी कहा जाता है।

शासकीय चिकित्सक डॉ.जितेंद्र शर्मा के अनुसार हीट रेसेज के लक्षणोंपर ध्यान दें। इसमें शरीर पर छोटे गुलाबी या लाल रंग की त्वचा या फिर छोटे छोटे दाने निकल आते हैं। जलन, खुजली या त्वचा पर चुभन सी महसूस होती है। ऐसा तब होता है जब शरीर का पसीना आसानी से वाष्पित नहीं हो पाता है। ऐसा होने पर ठंडे पानी और कूलर की सहायता से शरीर का तापमान नियंत्रित करें। ढीले सूती कपड़े पहने। गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए विशेष प्रकार के सनस्क्रीन लोशन का प्रयोग करें। जितना संभव हो सके त्वचा को साफ और शुष्क बना कर रखें। ऐसा करने से संक्रमण की संभावना कम होती है। गर्मी में घर से बहार निकलते वक्त छाते का प्रयोग अवश्य करें। घर से बाहर जाते समय पानी या ठंडा शरबत पीकर ही बाहर निकले। जैसे केरी का पना और शिकंजी आदि। घर से बाहर जाते समय पीने का पानी साथ में लेकर जाए। तेज धूप में रहें तो एकदम से ठंडा पानी नहीं पीए।

सीएमएचओ डॉ.अशोक पटेल के अनुसार निर्जलीकरण की समस्या भी बहुत खतरनाक होती है। ऐसा गर्मी में शरीर में पानी की कमी हो जाती है। ऐसा तब होता है जब कोई काफी समय से काम में व्यस्त है या ज्यादा शरीरिक कार्य करता है और उसने काफी समय से पानी नहीं पीया है। ऐसा होने पर गर्मी में डीहाइड्रेशन की समस्या उत्पन्न हो जाती है। शरीर को निर्जलीकरण से बचाने के लिए नियमित रूप से थोड़े-थोड़े समय बाद पानी पीना आवश्यक है।

चरक में ओपीडी पहुंची 1500 से उपरगर्मी की शुरूआत में ही लूज मोशन,उल्टी,वायरल बुखार, खांसी आदि से पीड़ित मरीजों की चरक अस्पताल में उपचार हेतु आवक तेजी से बढ़ी है। आरएमओ डॉ.चिंचोलीकर के अनुसार ओपीडी इन दिनों प्रतिदिन 1500 से उपर चली गई है। हालांकि सभी का उपचार होकर निःशुल्क उपलब्ध दवाईयां दी जा रही है। शहरवासी सावधानी रखें ताकि बीमार होने से बच सकें।

## नेशनल डिफेंस कॉलेज के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने भ्रमण कर किया संवाद



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा :** नेशनल डिफेंस कॉलेज डिफेंस मंत्रालय के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मध्यप्रदेश अध्ययन भ्रमण पर आए 16 वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने जिले का दौरा कर ग्यारसपुर में भाग्योदय स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों को नजदीक से देखा और उनसे संवाद कर उनके अनुभवों को जाना।

अधिकारियों ने सबसे पहले भाग्योदय महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी का निरीक्षण किया। कंपनी के प्रतिनिधियों ने उन्हें बताया कि कंपनी से 1006 शेयरधारक सदस्य जुड़े हैं, जो 95 स्व-सहायता समूहों से संबंधित हैं। प्रत्येक सदस्य द्वारा 1000 रु. का अंशदान किया गया है।

कंपनी द्वारा संचालित 6 दूध अवशीतन केंद्रों के माध्यम से प्रतिदिन 22 से 25 हजार लीटर दूध का संग्रहण किया जा रहा है। इससे जुड़े लगभग 8600 दुग्ध उत्पादकों को प्रति माह औसतन 8 से 12 हजार रुपये तक की आय प्राप्त हो रही है। इसके अलावा 304 समितियां पंजीकृत हैं, जो ग्रामीण आजीविका को मजबूत कर रही हैं। समूह संवर्धन नीति 2007 के तहत 50 लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई है। वहीं 217 स्व-सहायता समूह सदस्यों को 1.50 करोड़ रुपये के किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किए गए हैं, जिनसे 346 भैंसों की खरीदी की जा चुकी है।

नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा एफपीओ को 49 लाख रुपये की पहली किश्त भी प्रदान की गई है। भाग्योदय समूह द्वारा भोपाल, सीहोर, रायसेन, नरसिंहपुर और विदिशा जिलों में विस्तार कर 60 हजार परिवारों को जोड़ने के लिए 75 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है।

ग्यारसपुर में अधिकारियों ने समूह द्वारा तैयार उत्पादों का अवलोकन कर सराहना की। एक महिला सैन्य अधिकारी ने उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हर महिला आर्थिक रूप से सशक्त बनकर आगे बढ़े और 'हर दीदी करोड़पति' बनने की दिशा में प्रयास किए जाएं।

## महाप्रबंधक पश्चिम रेलवे ने सिंहस्थ मेला-2028 की तैयारियों का लिया जायजा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, रतलामः** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा उज्जैन में 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ मेला की तैयारियों की समीक्षा की गई।

महाप्रबंधक पश्चिम रेलवे (प्रभारी) प्रदीप कुमार ने 18 मार्च 2026 को रेलवे क्षेत्र में प्रस्तावित और प्रगति पर चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने पंवासा, मोहनपुरा, विक्रम नगर, चिंतामन गणेश, क्षिप्रा ब्रिज और नई खेड़ी स्टेशन पर चल रहे कार्यों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

महाप्रबंधक श्री कुमार ने क्षेत्रीय रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति और मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्यों से भी मुलाकात की। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि सिंहस्थ मेला-2028 से संबंधित कार्य रेलवे द्वारा प्राथमिकता के साथ किए जा रहे हैं और राज्य प्रशासन के समन्वय में नियमित बैठकें कर प्रगति की समीक्षा की जा रही है।

इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक रतलाम अश्वनी कुमार सहित मंडल के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा, यातायात सुगमता और सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी तैयारियों को समय पर पूरा करने का भरोसा दिया।

### वेत्रवती नदी के तट पर नौ दिवसीय पाटोत्सव का शुभारंभ

**गंजबासौदा।** वेत्रवती नदी के पावन तट पर स्थित नौलखी तपोवन आश्रम में भगवान महाप्रभु जगन्नाथ जी और भगवान सीताराम जी की प्राण-प्रतिष्ठा के द्वितीय पाटोत्सव के अवसर पर आज से 27 मार्च तक नौ दिवसीय भव्य धार्मिक महोत्सव का आयोजन शुरू हो गया है। आश्रम परिसर में व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल देखने को मिल रहा है। आयोजन समिति के अनुसार, प्रतिदिन सवा लाख रुद्री निर्माण, शिवाभिषेक और शिवार्चना जैसे दिव्य अनुष्ठान सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक वैदिक रीति-विधान के साथ संपन्न होंगे। इस महोत्सव की प्रमुख विशेषता 21 मार्च से प्रारंभ होने वाली भक्तमाल कथा है, जिसका वाचन अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक, भागवताचार्य एवं ज्योतिषाचार्य पंडित डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री (श्रीधाम वृंदावन) करेंगे। प्रतिदिन दोपहर 4 बजे होने वाली यह कथा संत परंपरा के महान संतों के जीवन, सेवा और भक्ति की प्रेरक गाथाओं से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर करेगी।

## किसान फलदार बगीचा और उच्च मूल्य वाली फसलों की खेती अपनाकर बढ़ाएं आमदनीः कलेक्टर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** जिले में कृषि विज्ञान केंद्र नकतरा में उद्यानिकी विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषक सेमीनार एवं प्रदर्शनी का बुधवार को समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा, जनपद सदस्य देवेन्द्र कुशवाह और उद्यानिकी एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर विश्वकर्मा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि परंपरागत फसलों जैसे धान और गेहूं की खेती में लागत अधिक और मुनाफा कम होता है, जबकि अदरक, हल्दी, धनिया, लहसुन और फलदार बगीचा जैसी फसलों में प्रति एकड़ मुनाफा 1 से 1.5 लाख रुपए तक हो सकता है। उन्होंने किसानों से नरवाई जलाने की बजाय स्ट्रॉ रीपर और रोटावेटर का उपयोग कर भूसा और मिट्टी की उत्पादकता बढ़ाने की सलाह दी। समापन दिवस में कृषक सुदीप चौरसिया ने केंचुआ खाद उत्पादन, रणधीर पुनिया ने जैविक टमाटर उत्पादन, झलकन शाक्या ने फलदार बगीचा और प्राकृतिक खेती, पर्वत कुशवाह ने लो कॉस्ट शेड नेट हाउस में खीरा उत्पादन पर अनुभव साझा किए। सहायक संचालक उद्यानिकी श्रीमती नीलम पाटिल ने संरक्षित खेती, ड्रिप सिंचाई, मल्चिंग, प्रो-ट्रे तकनीक और जरबेरा व गुलाब उत्पादन की जानकारी दी। अन्य उद्यान अधिकारी भी महिला कृषक और किसानों द्वारा किए जा रहे शिमला मिर्च, गुलाब, चिया सीड, अश्वगंधा, रजगिरा और कुसुम जैसी फसलों के उत्पादन के बारे में जानकारी दी।

उप संचालक कृषि केपी भगत ने फसल चक्र और फसल विविधिकरण के माध्यम से अदरक, हल्दी, आलू, धनिया, कलौंजी और पपीता जैसी फसलों में संभावनाओं पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. स्वप्निल दुबे ने किसानों को फसल प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन जैसे लघु उद्योग लगाने के विकल्प सुझाए। उद्यानिकी वैज्ञानिक मुकुल कुमार ने पौध रोपण, टपक सिंचाई और ड्रिप व मल्चिंग तकनीक से लाभ प्राप्त करने के उपाय बताए।

कार्यक्रम में सुनील सोने, डॉ. मुकुल कुमार, रंजीत सिंह राघव, डॉ. प्रदीप कुमार द्विवेदी और डॉ. अंशुमान गुप्ता भी उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर चित्रकूट से लौटे स्वयंसेवकों का किया स्वागत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 10 स्वयंसेवकों ने मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग तथा अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर, चित्रकूट में सहभागिता की। इस शिविर में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के ध्वज तले कुल 75 स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर के प्रभारी प्राचार्य डॉ.डी.सी. गुप्ता ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि जिला मंदसौर से सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन द्वारा चयनित दल का नेतृत्व एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने किया। दल में 4 स्वयंसेविकाएँ — हर्षिता पाटीदार, गिरिजा पाटीदार, दीक्षा गुप्ता एवं रानू माली तथा 6 स्वयंसेवक — हिमांशु चरेड, राहुल शर्मा, नीलेश मेघवाल, सुमित गंधर्व, आनंद राठौर एवं शिवराज सिंह शामिल थे। शिविर से लौटने पर डॉ. आर्य एवं सभी स्वयंसेवकों का महाविद्यालय परिसर में पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव अन्य विद्यार्थियों के साथ साझा किए।

शिविर में स्वयंसेवकों ने सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए मध्यप्रदेश के सात विश्वविद्यालयों से आए लगभग 600 स्वयंसेवकों के साथ प्रभात फेरी, परियोजना कार्य, खेलकूद एवं विभिन्न सामूहिक गतिविधियों में भाग लिया।

### पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं, पर्याप्त भंडारण उपलब्ध

**विदिशा।** जिले में पेट्रोलियम पदार्थों की कोई कमी नहीं है। जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है तथा आपूर्ति व्यवस्था सुचारु रूप से जारी है। जिला पेट्रोलियम एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक खबरों पर ध्यान ना दें। जिला पेट्रोलियम एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज एलिया सहित सदस्यों अनिल सोनकर, सचिन ताम्रकार ने यह जानकारी दी। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे बिना आवश्यकता के पेट्रोल-डीजल का भंडारण करने से बचें।

## दक्षिण भारत में भक्ति और परंपरा के साथ मनाई जाती है रामनवमी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, जबलपुरः** रामनवमी हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है, जिसे भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में पूरे देश में श्रद्धा और उत्साह से मनाया जाता है। दक्षिण भारत के आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल में यह पर्व विशेष धार्मिक परंपराओं और सांस्कृतिक आयोजनों के साथ मनाया जाता है।

इन राज्यों में रामनवमी के अवसर पर मंदिरों को भव्य रूप से सजाया जाता है और भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। रामायण पाठ, भजन-कीर्तन और धार्मिक प्रवचन आयोजित होते हैं। भक्त उपवास रखकर भगवान के जन्म क्षण पर विशेष पूजा करते हैं।

आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में 'सीता-राम कल्याणम' विशेष आकर्षण होता है, जिसमें भगवान राम और माता सीता के विवाह का प्रतीकात्मक आयोजन किया जाता है। तमिलनाडु में कर्नाटक संगीत और भक्ति कार्यक्रमों के माध्यम से राम भक्ति का वातावरण बनता है, वहीं कर्नाटक में दस दिनों तक चलने वाले संगीत महोत्सव आयोजित होते हैं।

## मां हिंगलाज जयंती पर भावसार समाज ने निकाला चल समारोह



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** मां हिंगलाज माता के जन्म उत्सव के शुभ अवसर पर भव्य विशाल चल समारोह भावसार समाज के द्वारा निकाला गया। माता हिंगलाज के प्रसिद्ध मंदिर में माता रानी का श्रद्धालुओं के द्वारा मनमोहक श्रृंगार किया गया। मंदिरश्री को भी आकर्षित रूप से सजाया गया। समाज के उत्कृष्ट विद्यार्थीयो के उत्साह वर्धन के लिए अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया।

भावसार समाज के मीडिया प्रभारी प्रवक्ता आशीष भावसार ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी समाज के द्वारा कुलदेवी माता हिंगलाज का जन्म उत्सव पारंपरिक रूप से मनाया गया। समाज के द्वारा विभिन्न धार्मिक सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन, वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर ने समाज के उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं का स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया।

अतिथियों के द्वारा भावसार समाज के समस्त पदाधिकारी संरक्षक एवं महिला मंडल की पदाधिकारी संरक्षक युवा मंडल के अध्यक्ष अंशुल भावसार का साफा बांधकर फूल मालाए पहना कर स्वागत सम्मान किया गया। माता हिंगलाज मंदिर से बैंड बाजा ढोल धमाकों के साथ भव्य विशाल चल समारोह का शुभारंभ किया गया। चल समारोह में माता हिंगलाज की झांकी भगवा ध्वज और विशेष वस्त्र पहने बच्चे आकर्षण का केंद्र बने रहे। चल समारोह का अनेक स्थानों पर कस्बा क्षेत्र के नागरिकों के द्वारा फूल बरसा कर स्वागत किया गया।

चल समारोह में महिलाएं भजन कीर्तन करते हुए चल रही थी पुरुषों के द्वारा भी माता हिंगलाज के जयकारे लगाए जा रहे थे। कस्बा क्षेत्र के प्रमुख मार्गो से होते हुए चल समारोह भावसार धर्मशाला पहुंचा यहां पर चल समारोह का समापन किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ संरक्षक मोहनलाल भावसार,ओमप्रकाश भावसार, प्रहलाद भावसार, शिव प्रसाद भावसार, अभिमन्यु भावसार, नंदकिशोर भावसार, सत्यनारायण भावसार, विष्णु भावसार कमल भावसार, राधे श्याम भावसार, सीताराम भावसार, राजेश भावसार, पुरुषोत्तम भावसार, दीनदयाल भावसार रामेश्वर भावसार लक्ष्मी नारायण भावसार, प्रकाश भावसार, समाज अध्यक्ष कमल किशोर भावसार, उपाध्यक्ष केशरीमल भावसार, कोषाध्यक्ष कैलाश चंद्र भावसार सचिव नवीन भावसार, प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी आशीष भावसार व नवयुवक मंडल अध्यक्ष अंशुल भावसार, प्रमोद भावसार, पंकज भावसार जगदीश भावसार, राकेश भावसार, गिरीश भावसार, संजय भावसार, गोविंद भावसार, घनश्याम भावसार, शुभम भावसार, कमलेश भावसार, अंकित भावसार विक्की भावसार सन्नी भावसार रवि भावसार सुभाष,भावसार, जितेंद्र भावसार विक्रम भावसार, भारत भावसार, राहुल भावसार,रोहित भावसार अक्षय भावसार, सुमित भावसार दीपेश भावसार हितेश भावसार अमित भावसार ने सहित बड़ी संख्या में भावसार समाज जन शामिल रहे।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, गौहरगंज, जिला रायसेन म.प्र.**

प्र.क्र. 0007/अ-20(5)/अ.वि.अ / 2025-26

दिनांक-27/02/2026

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद औबेदुल्लागंज के द्वारा निर्धारित प्रारूप-एक पर ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 0230030402025 APP-27272564 के माध्यम से, कस्बा औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला रायसेन स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 196/2/1/1/1/2/3/1 रकबा 5.8320 हेक्टेयर में से रकबा 2.000 हेक्टेयर भूमि, कचरा प्रबंधन हेतु भूमिस्वामी हक में भूमि दिये जाने का निवेदन किया है। प्रकरण कलेक्टर महोदय जिला रायसेन से जांच हेतु प्राप्त हुआ। आवेदक विभाग द्वारा प्रस्तुत उक्त आवेदन पत्र के आधार पर म.प्र. नजूल निर्वर्तन नियम 2020 के अंतर्गत कार्यवाही इस न्यायालय में प्रचलित है। अतः उक्त आवेदित भूमि के हस्तांतरण के संबंध में कोई व्यक्ति /विभाग /संस्था को दावा, आपत्ति या कोई सुझाव प्रस्तुत करना हो तो वह इस इस्तहार के प्रकाशन से 07 दिवस की समयावधि में स्वयं या अपने अभिकर्ता या अपने अधिवक्ता के माध्यम से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के निर्वासन उपरांत प्राप्त दावा, आपत्ति या सुझाव पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक-27/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

**अनुविभागीय अधिकारी, गौहरगंज, जिला रायसेन म.प्र.**

3989